तापमान
अधिकतम 25.0 डिग्री
न्यूनतम 5.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, बुधवार 21 जनवरी 2026

11 गणतंत्र दिवस से पहले रोहतक में हाई अलर्ट...



12 खरावड़ में 100 साल पुराने मंदिर के निर्माण पर ...



**राजीव गांधी खेल परिसर**
**ग्राउंड रिपोर्ट**

# बदहाली और उजड़े सिस्टम से जूझ रहे खिलाड़ी

जहां खिलाड़ी तैयार होते हैं वहां, बिखरे नशे के इंजेक्शन और शराब की खाली बोतलें बढ़ा रही खतरा

## कहीं नशेड़ियों का अड्डा बनकर न रह जाए खेल परिसर, अभिभावक चिंतित

## टूटी कुर्सियां, बिना दरवाजों के टॉयलेट महिला खिलाड़ियों की बढ़ा रहे परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

राजीव गांधी खेल परिसर जहां देश को पदक दिलाने वाले बड़े-बड़े खिलाड़ी तैयार होते हैं, वह आजकल नशेड़ियों और गंदगी का अड्डा बनकर रह गया है। यह सिस्टम की बदहाली का पोस्टर बनकर रह गया है। परिसर में टूटी कुर्सियां, टूटे टॉयलेट, गंदा पानी, जगह-जगह पड़ी शराब की खाली बोतलें और नशे के इंजेक्शन बता रहे हैं कि स्टेडियम की हालत क्या हो चुकी है। इस बदहाल तस्वीर को देखते ही सवाल उठते हैं कि आखिर क्यों यह खिलाड़ियों का मंदिर नशे के गर्त में समाता जा रहा है। भीतर जैसे ही टॉयलेट ब्लॉक में कदम रखते हैं, बदबू यहां कि हालात बयां करती है। फर्श पर बिखरे इस्तेमाल किए गए खाली इंजेक्शन की दर्जनों सिरिंज, शराब की खाली बोतल, कचरा और गंदा पानी सरकारी खेल परिसर की नहीं, बल्कि किसी लावारिस इमारत की तस्वीर पेश कर रहे थे। नशे की सुईं बड़ा सवाल और खतरा पैदा कर रही हैं। खेल को बढ़ावा देने के सरकारी दावे यहां आकर दम तोड़ते नजर आते हैं। जहां खिलाड़ी बनते हैं, आज वहां खतरा पल रहा है। बार-बार मामला संज्ञान में लाने के बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं है। बता दें कि यह वही स्टेडियम है, जिस पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन आज रखरखाव के अभाव में यह खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।

### यहीं होना है गणतंत्र दिवस पर समारोह

26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का जिला स्तरीय आयोजन राजीव गांधी खेल परिसर में ही होगा। मंगलवार को भी कुछ स्कूली बच्चे कार्यक्रम की रिहर्सल करने आए हुए थे। खेल परिसर की हालत बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़ा कर रही है।







### खतरनाक सच : इस्तेमाल किए गए इंजेक्शन मिले

सबसे खतरनाक बात तो यह है कि शौचालयों में इस्तेमाल किए गए नशे के इंजेक्शन की सिरिंज और शराब की खाली बोतलें पड़ी मिली हैं। गंदगी, बदबू और टूटे सैनेटरी सामान के बीच चौंकाने वाली और सबसे गंभीर बात यह है कि टॉयलेट ये इंजेक्शन आए कहां से। क्या खेल परिसर नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। ये इंजेक्शन स्वास्थ्य सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा करते हैं। यह खिलाड़ियों की सेहत के साथ खुला खिलवाड़ है।

### एक कर्मचारी कई सवाल

पूरे परिसर की सफाई का जिम्मा एकमात्र सफाई कर्मचारी के कंधों पर है। इतने बड़े परिसर में यह संख्या नाकाफी ही नहीं, बल्कि प्रशासनिक संवेदनहीनता का सबूत है। खिलाड़ियों का कहना है कि कई बार हफ्तों तक टॉयलेट्स की डीप क्लीनिंग नहीं होती। खेल विभाग के दावों और जमीनी सच्चाई में साफ अंतर दिख रहा है।

### शौचालयों के ये हालात



कई शौचालयों के दरवाजे गायब हैं, जिससे महिला खिलाड़ियों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ रही है। अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ियों का कहना है कि वे यहां टॉयलेट इस्तेमाल करने से बचते हैं। एक युवा खिलाड़ी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हालात इतने खराब होते है कि यहां कई बार तो हाथ धोने के लिए पानी तक नहीं मिलता।

### कुर्सियां बेहाल



खेल के नाम पर करोड़ों रुपये बहाने वाला प्रशासन रोहतक के राजीव गांधी स्टेडियम में पूरी तरह बेनकाब हो चुका है। जिले की खेल पहचान यह खेल परिसर आज सरकारी लापरवाही और जवाबदेही के अभाव की जीती-जागती मिसाल बन गया है। दर्शक दीर्घा में टूटी कुर्सियां हैं। कई जगह लोहे की छड़ें बाहर निकली हुई हैं, जो किसी भी वक्त गंभीर हादसे को न्योता दे सकती हैं।

### छतों का प्लास्टर भी टूटा



परिसर में बनाई गई दर्शक दीर्घा की हालत ज्यादा ठीक नहीं है। यहां दीर्घा की छतों और छज्जों का प्लास्टर उखड़ा हुआ है, जिससे हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। मरम्मत कब हुई थी यह कहना ही मुश्किल है। हालात देखकर बताया जा सकता है कि खेल परिसर में मरम्मत के नाम पर शायद कुछ नहीं हुआ।

### खिलाड़ी चोटिल हो रहे, हालत बुहत खराब

हमने राजीव गांधी खेल परिसर को लेकर हाल ही में जिला खेल अधिकारी से भी बात की थी। खुद भी स्टेडियम में जाकर वहां के हालात देखे थे। खेल परिसर में खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं। सबसे चौकाने वाली बात यह कि रोहतक में फिलहाल जिला खेल अधिकारी ही नहीं है। खेल अधिकारी का चार्ज कोच प्रदीप गुलिया को दे रखा है। स्टेडियम की हालत सुधरनी चाहिए, ताकि यहां अभ्यास के लिए आने वाले खिलाड़ी सुरक्षित महसूस कर सकें। - ***जगमति सांगवान**, भीम अवार्डी, अंतरराष्ट्रीय, वॉलीबॉल खिलाड़ी*

### प्रशासन को ध्यान देना चाहिए

यहां महिला खिलाड़ी भी आती हैं, उन्हें देखते हुए टॉयलेट की व्यवस्था भी सुधारनी चाहिए। टॉयलेट में पड़े इस्तेमाल किए हुए इंजेक्शन बड़ा खतरा और सवाल हैं। ***-वीना मलिक, नेशनल कैटल बॉल खिलाड़ी***

### जल्द सुधरेगी हालत

राजीव गांधी खेल परिसर की हालत सुधारने के लिए प्रपोजल भेजा गया है। पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी कहा है कि अपने कर्मचारियों को भेजकर खेल परिसर की व्यवस्था सुधारी जाए। अस्टीमेट तैयार हो रहा है। हम खिलाड़ियों की सुविधाओं और सुरक्षा को लेकर गंभीर हैं। ***-प्रदीप गुलिया, कार्यवाहक, जिला खेल अधिकारी, रोहतक।***

## सांपला क्षेत्र में एसटीएफ की बड़ी कार्रवाई

# हिमांशु भाऊ गैंग के शूटर अमन का एनकाउंटर, पैर में लगी गोली

***शूटर काकू सांपला-बेरी आउटर बाईपास पुल के पास वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, तभी पुलिस ने मुठभेड़ कर धरा***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सांपला क्षेत्र में एसटीएफ और कुख्यात गैंगस्टर हिमांशु भाऊ गैंग के सक्रिय शूटर के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शूटर अमन उर्फ काकू के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल बदमाश को तुरंत काबू में लेकर इलाज के लिए पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है।


पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी अमन उर्फ काकू सांपला–बेरी रोड आउटर बाईपास पुल के पास किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था। इसी दौरान एसटीएफ रोहतक को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध को रोकने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिसमें अमन के पैर में गोली लग गई।



**रोहतक।** पीजीआई में उपचाराधीन हिमांशु भाऊ गैंग का शूटर अमन।

### यूएस से गैंग चला रहा भाऊ

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अमन ने यह हमला गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के इशारे पर किया था। हिमांशु भाऊ विदेश, खासकर अमेरिका में बैठकर अपने नेटवर्क के जरिए हत्या, फिरौती और फायरिंग जैसी वारदातों को अंजाम दिलवा रहा है। पुलिस की कई टीमें हिमांशु भाऊ और उसके नेटवर्क को तोड़ने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही हैं।



### आपराधिक रिकॉर्ड भी लंबा

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अमन उर्फ काकू के खिलाफ पहले से हत्या के प्रयास, दंगा, आर्म्स एक्ट और गैंग से जुड़े कई संगीन मामले दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के बाद गैंग से जुड़े अन्य बदमाशों और वारदातों का खुलासा होने की संभावना है।

### 10 महीने से फरार, 20 हजार का इनामी

पुलिस जांच में सामने आया है कि अमन उर्फ काकू पुत्र अशोक, निवासी रिटोली, थाना शिवाजी कॉलोनी, जिला रोहतक, लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। वह पिछले करीब 10 महीनों से फरार चल रहा था और उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। अमन हिमांशु भाऊ गैंग का सक्रिय सदस्य है।

### पूर्व विधायक पर फायरिंग का आरोपी

अमन पर हिमाचल के बिलासपुर में कांग्रेस के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर पर जानलेवा हमले का गंभीर आरोप है। 14 मार्च 2025 को गैंग के अन्य साथियों के साथ मिलकर आरोपी ने पूर्व विधायक पर दनादन फायरिंग की थी। इस हमले में बंबर ठाकुर और उनके पीएसओ संजीव कुमार को गोलियां लगी थीं।

### अपराधी से हथियार बरामद, नया केस दर्ज

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक 32 बोर का पिस्तौल बरामद किया है। इस संबंध में थाना सांपला में नया अभियोग दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं और आर्म्स एक्ट के तहत केस कायम किया गया है। मामले की आगामी जांच थाना सांपला के जांच अधिकारी को सौंप दी गई है।

## खबर संक्षेप

### 90 हजार की ठगी का आरोपी गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर 90 हजार रुपये की ठगी करने के मामले में गिरोह में शामिल आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश कर रही है। थाना सदर के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह ने बताया कि गांव चमारिया निवासी प्रवीण ने ठगी की शिकायत दर्ज करवाई थी। प्रवीण ने बताया कि उसने फेसबुक पर नौकरी से संबंधित विज्ञापन देखा था। आरोपी दिल्ली निवासी राहुल ने उसे 2025 में व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा और उसे एमटीएस में नौकरी लगवाने का झांसा देकर 90 हजार रुपये ठग लिए। शिकायत के आधार पर मुख्य सिपाही जगजीत की टीम ने कार्रवाई करते हुए 19 जनवरी को आरोपी राहुल निवासी वाजिदपुर, बागपत (उत्तर प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया।

### राहगीर को वाहन ने मारी टक्कर, पीजीआई में भर्ती

**महम।** भैणी महाराजपुर गांव में एक राहगीर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का फिलहाल रोहतक पीजीआई में इलाज चल रहा है। पुलिस को दी शिकायत में भैणी महाराजपुर गांव निवासी नितिका पुत्र अनिल कुमार ने बताया कि उसका चाचा अजाय पुत्र सुरजभान काम पर गया हुआ था। जब वह साढे 8 बजे काम समाप्त कर वापस घर लौट रहा था, जब वह चरण सिंह हुक्का फैक्टरी के पास पहुंचा तो किसी अज्ञात वाहन ने उसको टक्कर मार दी। जिस वजह से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उपचार के लिए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया।

## कामाख्या अमृत भारत एक्सप्रेस का स्वागत, पहले दिन रोहतक से 50 से अधिक यात्री रवाना हुए



- रेलवे अधिकारियों ने आधुनिक ट्रेन को दोपहर 12 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यात्रियों को आरामदायक सफर मिल रहा है।
- रोहतक स्टेशन से पहले दिन 50 से अधिक यात्रियों ने किया सफर
- 22 कोच की ट्रेन गुवाहटी के लिए रवाना की गई। पूर्वोत्तर जाने वाले यात्रियों मिली सुविधा।
- रोहतक से कामाख्या के लिए रवाना हुई है और 22 जनवरी की सुबह करीब 5 बजे अपने अंतिम गंतव्य कामाख्या स्टेशन पहुंचेगी।

### मंत्री अरविंद शर्मा 26 को फहराएंगे तिरंगा

**रोहतक।** 26 जनवरी को जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में हरियाणा के सहकारिता, निर्वाचन, कारागार, पर्यटन एवं विरासत मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगे। जिला स्तर के अलावा उपमंडल स्तरों पर भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किये जायेंगे। राजीव गांधी खेल परिसर में भव्य जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया जायेगा। इसमें डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा जिला के सांपला व महम उपमंडलों में भी गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किये जायेंगे। सरकार द्वारा जारी सूची के अनुसार सांपला में जिला परिषद की चेयरपर्सन मंजू हुड्डा राष्ट्रीय ध्वज फहरायेंगी तथा महम में उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में रोहतक के मेयर राम अवतार वाल्मीकि तिरंगा झंडा फहरायेंगे। सभी संबंधित विभागों को जिम्मेवारियां सौंपी गई हैं तथा विभागों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## मॉडल टाउन से 5 माह की बच्ची को अगवा करने के मामले में कामयाबी

# अपहर्ता दंपति गिरफ्तार, बच्ची सकुशल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मॉडल टाउन में डबल पार्क के पास हुई 5 माह की बच्ची के अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार कर बच्ची को सकुशल उसके माता-पिता के हवाले कर दिया है। आरोपी दंपति दादरी के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जाएगा और मामले की गहनता से जांच जारी है। पीड़िता गीता की शिकायत पर मामले की जांच प्रारंभ की गई। गीता अपने पति और तीन बच्चों (दो लड़कियां और एक लड़का) के साथ बजरंग भवन के पास बिस्कुट बेचने का काम करती हैं। 14 जनवरी को एक युवक गीता के पास आया और उसने उनकी 5 माह की बच्ची को गोद लेने का प्रस्ताव रखा, जिसे गीता ने मना कर दिया। 17 जनवरी की रात लगभग 10:20 बजे गीता अपने तीनों बच्चों के साथ मॉडल टाउन के डबल पार्क के पास पहुंची। इस दौरान एक बाइक पर सवार युवक और महिला सामने आए और गीता से कहने लगे कि वह परेशान है, सामान और बच्ची उन्हें दे दें, वे मदद करेंगे। गीता ने उनके कहने पर सामान और बच्ची सौंप दी। आरोपी दंपति ने सामान कुछ दूरी पर फेंक दिया और बच्ची को लेकर मौके से फरार हो गए।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

### बच्ची को माता पिता के हवाले किया

आरोपियों से बच्ची को सकुशल बरामद कर माता-पिता के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है और स्वास्थ्य स्थिति सामान्य है। गीता और उनके परिवार ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

### पुलिस की अपील, संदिग्ध की सूचना दें

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तुरंत स्थानीय थाना या 112 पर दें। पुलिस ने यह भी कहा कि बच्चों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक गंभीर परिणाम दे सकती है, इसलिए आमजन सतर्क रहें।

### तुरन्त कार्रवाई की गई

मामला गंभीर था, इसलिए टीम ने तत्काल संज्ञान लिया और सघन जांच शुरू की। आरोपी दंपति की पहचान और उनके पिछले क्रियाकलापों की जांच भी जारी है। पुलिस ने अपहरण की घटना पर जोर देकर कहा कि किसी भी मामले में बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ***-अंकिता पीएसआई प्रभारी थाना सिविल लाइन***

### छापेमारी कर आरोपियों को दबोचा

मामले की जांच पुलिस चौकी मॉडल टाउन के प्रभारी पीएसआई नवीन के नेतृत्व में शुरू की गई। आस-पास के एरिया की सीसीटीवी फुटेज की जांच के आधार पर पुलिस ने आरोपी दंपति का सुराग लगाया। 20 जनवरी को पुलिस टीम ने दादरी में छापेमारी कर आरोपी सचिन और प्रज्ञा पत्नी सचिन को गिरफ्तार किया। आरोपी दंपति के पास संतान नहीं थी। इसी लिए अपहरण किया था।

# सुनारियां के लापता युवक का शव गांव के गंदे नाले में मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- शराब पीने का आदी था मृतक पुलिस हर पहलू से कर रही जांच
- दस दिन से लापता था 25 वर्षीय कुलदीप

गांव सुनारिया खुर्द के रहने वाले युवक का शव मंगलवार दोपहर बाद गांव के गंदे नाले में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस और एफएसएल टीम डॉ. सरोज दहिया मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान गांव सुनारिया खुर्द निवासी 25 वर्षीय कुलदीप के रूप में हुई है, जो मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। वह चार भाई बहनों में सबसे छोटा था। परिजनों के अनुसार कुलदीप 8 जनवरी को घर से निकला। 16 जनवरी को मृतक के बड़े भाई रख्खा ने शिवाजी कॉलोनी थाने में शिकायत दर्ज करवाई। परिवार के लोगों का कहना है कि कुलदीप शराब पीने का आदी था। आशंका जताई जा रही है कि शराब के नशे में वह गंदे नाले में गिर गया होगा और बाहर नहीं निकल पाया।

### लोगों ने निकाला शव

मंगलवार दोपहर गांव के गंदे नाले में युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को नाले से बाहर निकलवाया। बाद में परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने शव की पहचान कुलदीप के रूप में की।

## कॉलोनियों की टेल तक नहीं पहुंच रही सप्लाई, सिर्फ 300 क्यूसिक पानी मिलने से बिगड़ा सिस्टम

***5.15 लाख की आबादी वाले शहर को करीब 9.5 करोड़ लीटर पानी रोजाना चाहिए***

# शहरी व ग्रामीण एरिया में पेयजल संकट जरूरत के मुताबिक नहीं मिल रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में इन दिनों पेयजल संकट गंभीर रूप लेने लग रहा है। 5.15 लाख की आबादी वाले शहर को प्रतिदिन करीब 95 मिलियन लीटर (एमएलडी) यानी 9.5 करोड़ लीटर पानी की जरूरत है, लेकिन नहरों से पर्याप्त पानी न मिलने के कारण लोगों को जरूरत के मुताबिक सप्लाई नहीं मिल पा रही।

हालत यह है कि कई कॉलोनियों में टेल एंड तक पानी पहुंच ही नहीं रहा और लोगों को बूंद-बूंद के लिए जूझना पड़ रहा है। शहर में चार प्रमुख जलघर मानसरोवर पार्क, झज्जर रोड, देव कॉलोनी और सोनीपत रोड से पेयजल आपूर्ति होती है। इनक की भंडारण क्षमता 90.88 करोड़ लीटर है। शहर की सप्लाई पूरी तरह जेएलएन (जवाहर लाल नेहरू) और बीएसबी (भालौठ सब ब्रांच) नहर पर निर्भर है। हाल ही में नहरबंदी के दौरान शहर को मात्र 300 क्यूसिक पानी ही मिल पाया, जो जरूरत से बहुत कम है। इसके चलते कुछ जगहों पर जनस्वास्थ्य विभाग को मजबूरन कटौती कर पानी देना पड़ रहा है। वहीं टेल एंड की कॉलोनियों में तो नलों में पानी पहुंच ही नहीं रहा।




**रोहतक।** जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय ।

### 30 हजार घरों में सबमर्सिबल

पानी की किल्लत के कारण 30 हजार से अधिक घरों में सबमर्सिबल लग चुके हैं। इससे भ-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कई इलाकों में नाइट्रेट 45 एमजी लीटर से अधिक और फ्लोराइड 1.5 एमजी लीटर से ज्यादा पाया गया है, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है।

### खाली पड़े हैं शहर के जलघर

शहर के जलघरों में कच्चे पानी की भंडारण क्षमता पर्याप्त मानी जाती है। मानसरोवर पार्क में 21.30 करोड़ लीटर, सोनीपत रोड में 31.07 करोड़ लीटर, देव कॉलोनी में 2.28 करोड़ लीटर और झज्जर रोड जलघर में 36.22 करोड़ लीटर पानी स्टोर किया जा सकता है। लेकिन नहरों से पूरा पानी न मिलने के कारण ये जलघर खाली जैसे पड़े रहते हैं।

### जलघरों की क्षमता

**मानसरोवर पार्क** जलाशय एक-55734600 लीटर, जलाशय दो- 55764800 लीटर जलाशय तीन- 101515050लीटर कुल क्षमता- 21,30,14,450 लीटर, **सोनीपत रोड** (बोहर नाका) जलाशय एक- 54772000 लीटर, जलाशय दो- 89709000 लीटर जलाशय, तीन- 81600000 लीटर, जलाशय चार- 84672000 लीटर कुल क्षमता-31,07,53,000 लीटर, **देव कॉलोनी** जलाशय एक- 14008311 लीटर जलाशय, दो- 8841705 लीटर कुल क्षमता- 2,28,50,016 लीटर, **झज्जर रोड** जलाशय एक- 160747200 लीटर, जलाशय दो- 130037250 लीटर जलाशय तीन- 71440000 लीटर कुल क्षमता 36,22,24,450 लीटर है।



# श्रेयस होंगे पलाश की फिल्म के लीड हीरो

**मुंबई।** म्यूजिक कंपोजर, डायरेक्टर पलाश मुछाल पिछले दिनों क्रिकेट स्मृति मंधाना से टूटी अपनी शादी को लेकर चर्चा में रहे। लगभग दो महीने बाद वह काम पर लौटे हैं। जल्द ही एक अनाम फिल्म निर्देशित करेंगे। इस फिल्म में लीड रोल में बॉलीवुड के एक नामी अभिनेता नजर आएंगे। पलाश मुछाल ने अपनी एक अनाम फिल्म की घोषणा की है। इस फिल्म को वही निर्देशित करेंगे। इसकी कहानी एक आम आदमी की जिंदगी पर आधारित होगी। फिल्म में लीड रोल एक्टर श्रेयस तलपदे निभाएंगे। पलाश मुछाल पहली बार किसी फिल्म का निर्देशन नहीं कर रहे हैं। वह पहले भी 'अर्ध' और 'काम चालू है' जैसी फिल्में बना चुके हैं।

लाइफ Style



# समीरा
## संजय के साथ शेयर कीं 2006 की यादें

बॉलीवुड के सितारे इन दिनों साल 2016 की यादें शेयर कर रहे हैं। ऐसे में अभिनेत्री समीरा रेड्डी एक कदम आगे बढ़ गई हैं। उन्होंने 2006 की यादें शेयर की हैं। उन्होंने 'मुसाफिर' के साथी कलाकार संजय दत्त के साथ 20 साल पहले की तस्वीर शेयर की है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह संजय दत्त के साथ एक तस्वीर दिखाते हुए कहती हैं कि 2016 का ट्रेंड क्यों फॉलो करें। चलो 2006 में चलते हैं। इसके बाद वीडियो में संजय दत्त नजर आते हैं। संजय दत्त हंसते हैं और समीरा रेड्डी उनसे गले मिलती हैं। वीडियो के कैप्शन में समीरा ने लिखा है '20 साल पहले के संजय दत्त के साथ। वह अभी भी उसी तरह हैं।' वीडियो में 'मुसाफिर' का गाना 'ओ साकी' बज रहा है। संजय गुप्ता के निर्देशन में बनी फिल्म 'मुसाफिर' (2004) में अनिल कपूर, आदित्य पंचोली, महेश मांजरेकर और शक्ति कपूर भी अहम भूमिकाओं में थे। कोएना मित्रा ने इस फिल्म से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की थी। यह अमेरिकन फिल्म 'यू टर्न' (1997) की रीमेक थी। समीरा रेड्डी अपनी अपकमिंग फिल्म 'चिमनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। इसमें वह काली का किरदार निभाती नजर आएंगी। समीरा 'मैंने दिल तुझको दिया', 'रेस' और 'टैक्सी नंबर 9211' जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाती हैं। संजय दत्त हाल ही में फिल्म 'द राजा साब' और 'धुरंधर' में नजर आए हैं। वह जल्द ही 'धुरंधर 2' और 'राजा शिवाजी' का हिस्सा होंगे।

हॉलीवुड मसाला



# पीचनो संग नजर आए नूर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के 85 साल के दिग्गज एक्टर अल पचीनो और उनकी 53 साल छोटी एक्स-गर्लफ्रेंड नूर अल्फल्लाह फिर से साथ आ गए हैं? यह सवाल इसलिए कि लॉस एंजिल्स में दोनों को एकसाथ डिनर पर देखा गया है। इसके बाद से ही उनके रिश्ते की मौजूदा स्थिति के बारे में अटकलें लगने लगी हैं। 32 साल की नूर अल्फल्लाह दिग्गज एक्टर के बेटे की मां भी हैं। साल 2023 में नूर ने बेटे रोमन को जन्म दिया। लेकिन, फिर दोनों की राहें अलग हो गईं।



# मुंबई में परफॉर्म करेंगे लिंकिन समेत 40 आर्टिस्ट

**मुंबई।** लोलापालूजा इंडिया 2026 में 24 से 25 जनवरी को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में वापसी कर रहा है। जिसमें चार स्टेजों पर 40 से अधिक भारतीय और अंतरराष्ट्रीय कलाकारों के साथ अब तक की सबसे बड़ी परफॉर्मेंस होगी। लोलापालूजा इंडिया 2026 मुंबई में फिर से आ रहा है, जिसमें लिंकिन पार्क, प्लेबॉय कार्टि और 40 से ज्यादा कलाकार शामिल होंगे। यह संगीत महोत्सव अपने चौथे साल में महालक्ष्मी रेसकोर्स पर होगा। मुंबई दो दिनों के लिए दुनिया भर के संगीत का केंद्र बन जाएगा। कार्यक्रम 24 जनवरी (शनिवार) और 25 जनवरी (रविवार) को होगा। चार मंचों पर 40 से ज्यादा विदेशी और भारतीय कलाकार 20 घंटे से अधिक लाइव संगीत देंगे। इस साल की सबसे बड़ी बात है रॉक बैंड लिंकिन पार्क का भारत में पहली बार आना। वे दूसरे दिन मुख्य शो करेंगे। यह उनका भारत में पहला प्रदर्शन होगा।




# कोहरा-2 ओटीटी पर 11 को होगी रिलीज

**मुंबई।** ओटीटी पर 'कोहरा' की अपार सफलता के बाद, बरुण सोबती और उनकी टीम एक नए सीजन 'कोहरा 2' के साथ वापसी कर रहे हैं। इस बार मोना सिंह एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में शो में शामिल हो रही हैं। मंगलवार को निर्माताओं ने 'कोहरा 2' की ओटीटी रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। 'कोहरा 2' 11 फरवरी 2026 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू हो जाएगा। यह सीरीज केवल नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। मेकर्स ने एक 'कोहरा 2' का नया पोस्टर शेयर किया। इसके साथ कैप्शन में लिखा, 'धुंध में सच खो जाता है, आइए इस नए शहर में सच को ढूंढें।' यह सीरीज क्राइम, रहस्य और ड्रामा से भरी होगी। पॉपुलर वेब सीरीज 'कोहरा' का दूसरा सीजन अब वापस आ रहा है। पहला सीजन काफी पसंद किया गया था।



# फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 47 दिनों बाद भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। फिल्म ने कमाई के कई कीर्तिमान भी स्थापित किए हैं। दर्शकों से लेकर कई सेलेब्स तक ने 'धुरंधर'की जमकर तारीफ की है। हालांकि, फिल्म की पॉलिटिक्स को लेकर एक बहस चलती रही। अब निर्देशक करण जौहर ने फिल्म की जमकर तारीफ करने के बाद, फिल्म की पॉलिटिक्स पर भी अपनी राय रखी है। करण ने ये माना कि फिल्म को लेकर जनता की राय बंटी हुई है और दर्शकों का एक वर्ग इसके राजनीतिक रुख से सहमत नहीं है। हालांकि, निर्माता ने माना कि उन्हें फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। सच कहूं तो मुझे फिल्म की राजनीति से कोई आपत्ति नहीं है। करण ने कहा कि सिनेमा के छात्र के रूप में उन्हें रणवीर सिंह अभिनीत यह फिल्म बहुत पसंद आई थी।

टीवी मसाला



# दिव्या गणेश ने जीती 'बिग बॉस तमिल सीजन-9' की ट्रॉफी

**मुंबई।** कई दिनों तक टीवी और सोशल मीडिया पर 'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को लेकर चले हाई-वोल्टेज ड्रामा, टॉफ टास्क और इमोशनल मूमेंट के बाद, विजय सेतुपति द्वारा होस्ट किए गए इस 9वें सीजन का ऑफिशियल एंड हो चुका है। इस सीजन की विनर एक्ट्रेस दिव्या गणेश रहीं। ये एक ऐसा सीजन था, जिसने दर्शकों को तीन महीने से अधिक समय तक शो से बांधे रखा। बीते साल 5 अक्टूबर, 2025 को शुरू हुए इस 9वें सीजन में 20 कंटेस्टेंट ने पार्टिसिपेट किया, जिनमें से चार और कंटेस्टेंट बाद में वाइल्डकार्ड एंट्री के रूप घर में आए थे। इस सीजन में जैसे-जैसे हफ्ते बितते गए, वैसे-वैसे ग्रुप बदलते गए और ये गेम और भी ज्यादा इंटेंस होता चला गया। वहीं, सीजन के अंत में इस गेम में मात्र चार फाइनलिस्ट को चुना गया, जिसमें दिव्या गणेश, सबरीनाथन, विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर का नाम था। बिग बॉस तमिल सीजन 9' के सभी कंटेस्टेंट को पछाड़कर ग्रैंड फिनाले में एक्ट्रेस दिव्या गणेश ने ट्रॉफी को अपने हाथों से लिफ्ट किया। उन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ इस सीजन की विनिंग मनी 50 लाख रुपए को भी अपने नाम किया। विनिंग मनी के साथ उन्हें एक बिल्कुल नई मारुति सुजुकी विक्टोरिया कार गिफ्ट की गई। वहीं, सबरीनाथन 9वें सीजन के रनर अप रहीं, जबकि विक्कल्स विक्रम और अरोरा सिंक्लेयर दूसरे और तीसरे नंबर पर रनरअप रहे।'बिग बॉस तमिल सीजन 9' को एक्टर विजय सेतुपति ने दूसरी बार होस्ट किया, इससे पहले उन्होंने पिछले सीजन को भी शानदार तरीके से शुरू किया था। उनसे पहले, 2017 में शुरू हुए इस शो को सुपरस्टार कमल हासन द्वारा 7 सीजन होस्ट किए गए।

## नागिन और तुलसी में जबरदस्त टक्कर

**नई दिल्ली।** पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में टॉप पर सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' रहा। इसकी टीआरपी 2.3 की रही है। इन दिनों सीरियल में बहुत ड्रामा, ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। लीड कैरेक्टर



तुलसी (स्मृति ईरानी) और मिहिर (अमर उपाध्याय) एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। हाल ही में तुलसी के कैरेक्टर की विरानी परिवार में वापसी हुई। सीरियल 'नागिन 7' इन दिनों दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इस सीरियल ने पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में दूसरे नंबर पर जगह बनाई है। इसकी टीआरपी 2.1 की है। 'नागिन 7' में लीड रोल में प्रियंका चाहर चौधरी हैं। सीरियल को एकता कपूर ने प्रोड्यूस किया है। कुछ हफ्तों में ही इस सीरियल ने अपने लिए टीआरपी लिस्ट में जगह बना ली है। इस साल के पहले हफ्ते की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा' सीरियल तीसरे नंबर पर रहा। इस बार इसे 2.1 की रेटिंग मिली है। यह 'नागिन 7' से पीछे रहा। जबकि पिछले साल की टीआरपी लिस्ट में 'अनुपमा'सीरियल ने हमेशा ही पहले और दूसरे नंबर पर अपने लिए जगह बनाई थी।

# धुरंधर के सीक्वल का नाम 'धुरंधरः द रिवेंज'

**मुंबई।** अक्षय खन्ना, रणवीर सिंह, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन, राकेश बेदी जैसे कलाकरों से सजी 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के 46 दिन बाद भी टिकी हुई है। इस मूवी का दो महीने बाद दूसरा पार्ट भी आएगा, जिसको लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं। अब इसके टाइटल को लेकर एक नई जानकारी सामने आई है। 'धुरंधर 2' का नाम 'धुरंधर द रिवेंज' रखा गया है। साथ ही सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन ने फिल्म के सीक्वल के टीजर को हरी झंडी दिखा दी है, जिसका समय 1 मिनट से ज्यादा का है। साथ ही मूवी को ए सर्टिफिकेट दे दिया गया है, जिसे 'बॉर्डर 2' के साथ दिखाया जाएगा। सनी देओल और रणवीर सिंह की फिल्म देशभक्ति पर हैं और इसी का फायदा जियो स्टूडियोज की टाम उठाना चाह रही है। 'धुरंधर' के अंत में दिखाए गए क्रेडिट नोट से नया टीजर लिया गया है और उसे बड़े पर्दे पर दिखने के बाद डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर भी जारी किया जाएगा। 'धुरंधर' में जहां अक्षय खन्ना के किरदार रहमान डकैत की मौत हो जाती है। वहीं खबर है कि वह 'धुरंधर द रिवेंज' में भी दिखाई देंगे। उन्होंने एक हफ्ते अपने हिस्सा की शूटिंग भी की है। इनके अलावा, रणवीर सिंह, आर माधवन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, राकेश बेदी, सारा अर्जुन दिखाई देंगे। पहले पार्ट ने अब तक भारत में 826.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं वर्ल्डवाइड इसने 1283.5 करोड़ रुपए कमा लिए हैं।



### 19 मार्च को होगी रिलीज

आदित्य धर की डायरेक्टेड फिल्म 'धुरंधरः द रिवेंज' 19 मार्च को थिएटर्स में ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसका क्लैश यश की 'टॉक्सिक' से होगा। जिसके टीजर के आने के बाद इंटरनेट पर दोनों के फैंस दो गुटों में बंट गए थे। दोनों ही बड़ी फिल्में हैं और दोनों का अलग कलेवर। अब देखना होगा कि किसकी चित होती है और किसकी पट।

# रहस्यमयी फिल्म अस्सी का पोस्टर बना पहेली, फरवरी में होगी रिलीज

**मुंबई।** सोशल मीडिया पर एक फिल्म का अनाउंसमेंट लोगों का ध्यान खींच रहा है। इसमें रिलीज डेट के सिवाय कुछ भी बताया नहीं गया है। टाइटल के नाम पर लिखा है अस्सी। यह मूवी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। एक्स पर कई एंटरटेनमेंट हैंडल्स और क्रिटिक्स ने इसका पोस्टर शेयर किया है। अस्सी के साथ में एक पहेलीनुमा हिंट है साथ ही अर्जेंट देखने की अपील भी है। मंगलवार को वायरल हुआ एक फिल्म का पोस्टर लोगों के दिमाग में कुलबुलाहट पैदा कर रहा है। लाल रंग के पोस्टर पर लिखा है, अस्सी। प्रतिदिन। हर दिन। साथ में मैसेज है, अगर आपको पता होता कि ये क्या है। एक दिन में अस्सी बार। हर दिन। हर बीस मिनट में और जब सच में आपको पता चलता है तो बहुत तेज हिट करता है, बहुत तेज। अस्सी, 20 फरवरी को सिनेमाघरों में। तुरंत देखनी चाहिए। इस अनाउंसमेंट की खास बात ये है कि इसमें एक्टर, डायरेक्टर, प्रोडक्शन हाउस किसी भी चीज की जानकारी नहीं दी गई है। अनाउंसमेंट पर डिसकशन शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया पर कई लोग लिख रहे हैं कि यह अलग तरह की मार्केटिंग स्ट्रैटजी है। लोग इस बात पर भी हैरानी जता रहे हैं कि फिल्म की कास्ट में कोई बड़ा चेहरा नहीं दिखाया गया है। अस्सी को लेकर सुगबुगाहट शुरू हो चुकी है लेकिन अब तक पता नहीं चल पाया कि 20 फरवरी को थिएटर्स में क्या देखने को मिलेगा। पोस्ट शेयर करने वालों ने लिखा है कि इससे जुड़ी और डिटेल्स बाद में शेयर की जाएगी। 20 फरवरी को सिद्धांत चतुर्वेदी की दो दीवाने एक शहर में रिलीज हो रही है। वहीं 13 फरवरी को शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की ओ रोमियो रिलीज हो रही है।




## 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन को मिली गुमनाम मौत

# अमिताभ संग बनी हिट जोड़ी, 2 फिल्मों में बयां हुई प्यार की कहानी



***नई दिल्ली।** सिर्फ 18 साल का फिल्मी कॅरियर और 70 फिल्में करके भी परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में सफलता की ऊंचाइयों को हासिल किया। फिर अचानक वह बॉलीवुड से गायब हो गईं। एक दिन इस चर्चित एक्ट्रेस की मौत की खबर ने फैंस और बॉलीवुड को हिलाकर रख दिया। दो दिन तक अखबार और घर का सामान दरवाजे पर ही पड़ा रहा, किसी ने दो दिन तक घर का दरवाजा नहीं खोला। सोसायटी के सेक्रटी को संदेह हुआ कि कुछ दिक्कत है। पुलिस को फोन किया गया। घर का दरवाजा खोला गया, सामने का नजारा विचलित करने वाला था, बॉलीवुड की सबसे मशहूर और सुंदर अदाकारा मृत पड़ी थीं। नाम था, परवीन बॉबी। 70 और 80 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली परवीन बॉबी को एक गुमनाम मौत मिली।*

### नवाब परिवार से था ताल्लुक

परवीन बॉबी किसी सामान्य परिवार से नहीं आती थीं, उनका संबंध एक नवाब परिवार से था। पिता वली मोहम्मद खान बॉबी जूनागढ़ के आखिरी नवाब थे। परवीन बॉबी का जन्म अपने माता-पिता की शादी के 14 साल बाद हुआ। 4 अप्रैल 1954 को जूनागढ़ के सौराष्ट्र (अब गुजरात में) के शाही परिवार में वह जन्मी थीं। 54 कमरों की हवेली में उनका लालन-पालन हुआ। पढ़ाई भी सेंट जेवियर्स जैसे नामी कॉलेज से हुईं। पढ़ाई के बाद परवीन बॉबी ने मॉडलिंग से अपने करियर की शुरुआती की। परवीन का मॉडलिंग करियर 1971 में शुरू हुआ, यही एक फिल्ममेकर की नजर उन पर पड़ी और फिल्मी सफर की कहानी शुरू हुई।

### बिग बी संग की कई हिट फिल्में

1973 में फिल्म 'चरित्र'से परवीन बॉबी ने बॉलीवुड में कदम रखा। पहली फिल्म में उनकी एक्टिंग, ब्यूटी को सराहा गया। परवीन के पास फिल्मों के ऑफर आने लगे। परवीन बॉबी ने अमिताभ बच्चन के साथ लगभग 8 से 10 फिल्में की, जो काफी हिट रहीं। इसमें 'अमर अकबर एंथोनी' से लेकर 'दीवार' और 'कालिया' जैसी फिल्में शामिल थीं। सिर्फ अमिताभ ही नहीं, शशि कपूर, संजय खान जैसे कई नामी एक्टर्स के साथ परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर अभिनय किया।

### लव लाइफ को लेकर भी रही खूब चर्चा

परवीन बॉबी बडे पर्दे पर बोल्ड रोल करने के लिए भी जानी जाती थीं, उन्होंने एक बोल्ड एक्ट्रेस की इमेज से भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। अपनी लव लाइफ को भी एक्ट्रेस ने कभी छुपाया नहीं। पहले वह एक्टर डैनी डेन्जोंगपा के साथ रिलेशनशिप में रहीं। जब दोनों का ब्रेकअप हुआ तो वह कबीर बेदी के साथ रिश्ते में आईं। आगे चलकर इनकी राहें भी जुदा हो गईं। फिर महेश भट्ट और परवीन बॉबी का अफेयर भी कुछ वक्त तक रहा। इस रिश्ते के दौरान ही महेश भट्ट को पता चला कि परवीन बॉबी सिजोफ्रेनिया नाम की मानसिक बीमारी से ग्रस्त हो चुकी हैं। महेश भट्ट ने मेडिकल हेल्प के जरिए परवीन बॉबी की मदद करने की कोशिश की। लेकिन, इस बीमारी ने परवीन बॉबी का जीवन मुश्किल कर दिया। वह उन चीजों को देखतीं या महसूस करती थीं, जो सच में नहीं होती थीं। उन्हें लगता था कि हर कोई उन्हें मारना चाहता है।

### जिंदगी पर बनीं ये दो फिल्में

परवीन बॉबी ने बड़े पर्दे पर ही अभिनय नहीं किया, उनकी जिंदगी के एक अहम पहलू पर फिल्में तक बनीं। डायरेक्टर महेश भट्ट ने 1982 में फिल्म 'अर्थ'लिखी और डायरेक्ट की। यह फिल्म कथित तौर पर परवीन बॉबी के साथ उनके रिश्ते पर एक सेमी-ऑटोबायोग्राफिकल फिल्म थी। अर्थ में स्मिता पाटिल का किरदार कविता, परवीन बॉबी से इंस्पायर था। इसके अलावा महेश भट्ट बैनर तले एक फिल्म 'वो लम्हें' बनीं, इस फिल्म को मोहित सूरी ने निर्देशित किया था, यह फिल्म भी परवीन बॉबी के आखिरी वर्षों की जिंदगी से इंस्पायर बताई जाती है। दोनों ही फिल्मों को क्रिटिक्स से लेकर दर्शकों ने खूब पसंद किया।

### क्या था मौत का कारण?

परवीन बॉबी अकेली रहा करती थीं, उम्र भी 50 साल हो चुकी थीं, बॉलीवुड की लाइमलाइट से वह दूर थीं। इसी बीच 22 जनवरी 2005 वह अपने घर में मृत मिलीं। जांच के बाद पता चला कि उनकी मौत 20 जनवरी 2005 को हुई थी। ऑटोप्सी में सामने आया था कि मौत से पहले कई दिनों उन्होंने कुछ नहीं खाया था, साथ ही उन्हें डायबिटिज की भी समस्या थी। पुलिस ने परवीन बॉबी की मौत में किसी तरह की गड़बड़ी या शक से इंकार किया। ऑटोप्सी रिपोर्ट्स में उनकी मौत का कारण ऑर्गन फेलियर ही बताया गया।

## जिलेभर में पुलिस चला रही विशेष चेकिंग अभियान, होटल-ढाबों की गहन जांच, बम निरोधक दस्ता व स्वैट टीम ने संभाला मोर्चा

# गणतंत्र दिवस से पहले रोहतक में हाई अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

■ होटल-धर्मशाला संचालकों को सख्त निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गणतंत्र दिवस को लेकर पुलिस द्वारा जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत रोहतक पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा होटल, ढाबों, धर्मशालाओं और अन्य ठहरने के स्थानों पर रुकने वाले व्यक्तियों की गहनता से जांच की जा रही है। पुलिस का उद्देश्य जिले में किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते अंकुश लगाना और कानून व्यवस्था को पूरी तरह मजबूत बनाए रखना है। पुलिस टीमों द्वारा होटल और धर्मशाला संचालकों को स्पष्ट हिदायत दी जा रही है कि किसी भी व्यक्ति को ठहराने से पहले उसकी पहचान सुनिश्चित करें। प्रत्येक यात्री की आईडी, विशेष रूप से आधार कार्ड की फोटोकॉपी लेकर उसे अपने रिकॉर्ड में रखना अनिवार्य किया गया है। बिना पहचान पत्र के किसी को भी कमरा देने पर संबंधित संचालक के खिलाफ कानून अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि रिकॉर्ड में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### संदिग्ध गतिविधि की तुरंत दें सूचना

गणतंत्र दिवस को ध्यान में रखते हुए सभी थाना और चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में अपने-अपने क्षेत्रों में सर्चिंग एवं कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है और उनके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो तुरंत नजदीकी थाना या चौकी को सूचित करें।



रोहतक। होटल में जांच करती पुलिस की टीम। फोटो : हरिभूमि

### रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और बाजारों में बारीकी से जांच

■ भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों को विशेष सतर्कता के साथ चेक किया

■ संदिग्ध वस्तु को न खुद छुएं और न किसी को छूने दें

एसपी सुरेन्द्र सिंह भौरिया ने गणतंत्र दिवस को देखते हुए निरीक्षक नवीन कुमार के नेतृत्व में बम निरोधक दस्ता टीम का गठन किया गया है। इस टीम में विशेष कोर्स पास जवानों को तैनात किया गया है। बम निरोधक दस्ता और स्वैट टीम द्वारा रोहतक शहर में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। टीम ने रेलवे स्टेशन, रेलवे रोड, किला रोड, बस स्टैंड और अन्य प्रमुख स्थानों पर बारीकी से जांच की। बस स्टैंड पर बसों के अंदर, पार्किंग एरिया और पूरे परिसर की तलाशी ली गई। वहीं किला रोड बाजार में दुकानों, खरीदारी करने वाले लोगों, उनके सामान और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों को विशेष सतर्कता के साथ चेक किया गया। चेकिंग के दौरान आमजन को भी जागरूक किया जा रहा है और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है। पुलिस ने अपील की है कि यदि किसी को कोई संदिग्ध वस्तु, वाहन या व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत डायल-112 या नजदीकी पुलिस थाना/चौकी को सूचना दें। संदिग्ध वस्तु को न स्वयं छुएं और न ही किसी अन्य को छूने दें।

रणजी ट्रॉफी एलीट ...

## दूसरे चरण का पहला मुकाबला 22 जनवरी से होगा शुरू

# रोहतक के लाहली में 29 को भिड़ेंगे हरियाणा और बंगाल

हरियाणा की टीम एलीट ग्रुप सी में पांच मैचों में से 3 जीतकर 18 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर

रोहित डागर ▶▶| रोहतक

रणजी ट्रॉफी एलीट का दूसरा चरण 22 जनवरी से शुरू हो रहा है। 22 जनवरी को इस साल का पहला मुकाबला खेला जाएगा। हरियाणा का वीरवार को असम के साथ गुवाहटी में मुकाबला खेला जाएगा। हरियाणा की टीम एलीट ग्रुप सी में पांच मैचों में तीन जीत व दो हार कुल 18 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई है। वहीं, जिले के खेल प्रेमियों के लिए भी खुशी की खबर है चौधरी बंसीलाल स्टेडियम लाहली में 29 जनवरी को रणजी ट्रॉफी का मुकाबला खेला जाएगा। यह मुकाबला हरियाणा व बंगाल के बीच खेला जाएगा। यह मुकाबला सुबह 9:30 बजे शुरू होगा। हरियाणा की टीम एलीट ग्रुप सी में पांच मैचों में 18 पॉइंट के साथ तीसरे स्थान, सर्विसेज की टीम 19 पॉइंट के साथ दूसरे वहीं, बंगाल की टीम ग्रुप में 23 पॉइंट के साथ पहले स्थान पर बनी हुई है। हरियाणा को क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए दोनों मैचों में जीत जरूरी है। अगर एक मैच जीतती है तो दूसरी टीमों पर निर्भर रहना पड़ेगा।

हरियाणा ने पहले मैच में रेलवे को 96 रन से हराया था। दूसरे मैच में हरियाणा ने त्रिपुरा को 9 विकेट से हराया था। तीसरे मैच में गुजरात को 4 विकेट से हराया था। 6 फरवरी से क्वार्टर फाइनल मुकाबले शुरू होंगे। चौथे मैच में हरियाणा को उत्तराखंड ने हराया था। पांचवे मैच में सर्विसेज को हराया था।

### गेंदबाजों को लाहली की पिच से मिलती है मदद

लाहली मैदान की पिच की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यह अक्सर गेंदबाजों को अच्छी मदद देती है। अतिरिक्त उछाल , मूवमेंट और स्पीन गेंदबाजों की गेंद यहां पर अच्छी घूमती है। इसके कारण यहां आमतौर पर कम रन बनते हैं जिससे हर मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलती है। पिच का तेज स्वभाव बल्लेबाजों के लिए एक बड़ी चुनौती पेश करता है।

### निशांत सिंधु व पार्थ वत्स का शानदार प्रदर्शन

हरियाणा के पांच मैचों में अच्छा ज्यादा योगदान रोहतक के निशांत सिंधु व कैथल के पार्थ वत्स ने दिया है। इसके अलावा अंशुल कंबोज व कप्तान अंकित कुमार व निखिल कश्यप ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। पहले मुकाबले में पार्थ ने पहली पारी में 52 व दूसरी पारी में नाबाद 110 रन बनाए थे।

### अंडर-14 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में याशी ने जीता स्वर्ण पदक



रोहतक। इंडियन बॉक्सिंग कमेटी के तत्वावधान में करमवीर सिंह बॉक्सिंग क्लब, खरखौदा (सोनीपत) में 17 से 18 जनवरी 2026 तक आयोजित अंडर-14 राष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025-26 में आईबी स्कूल की कक्षा आठ की छात्रा याशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 48-50 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय, परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के दौरान याशी ने अपने दमदार पंच, तेज फुटवर्क और अनुशासित खेल कौशल से सभी मुकाबलों में बढ़त बनाते हुए फाइनल में जीत हासिल की। उसकी यह सफलता कड़ी मेहनत, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षक के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम मानी जा रही है। याशी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन अमरजीत सिंह ढुल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने याशी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे खिलाड़ी अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं। विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने भी याशी की सफलता की सराहना की। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आईबी स्कूल परिवार को याशी पर गर्व है और आशा है कि वह भविष्य में भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश का नाम रोशन करेगी।

## 5 किलोमीटर साइकिल रेस में कोमल प्रथम सुषमा दूसरे और लक्ष्मी तीसरे स्थान पर रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कलानौर स्थित डीएवी स्कूल में मंगलवार को महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 200 महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कलानौर मंजू यादव ने की। उन्होंने बताया कि इस खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को खेल एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढने की प्रेरणा देना है। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ भी दिलवाई गई। प्रतियोगिता के अंतर्गत 30 वर्ष से कम आयु की महिलाओं के लिए 400 मीटर दौड़, 300 मीटर दौड़ एवं 5 किलोमीटर साइकिल रेस, जबकि 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं के लिए 100 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो एवं म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। सभी विजेताओं को प्रथम पुरस्कार 2100 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 1100 रुपये एवं तृतीय पुरस्कार 750 रुपये की राशि उनके बैंक खातों में प्रदान की जाएगी।



### ये रहे परिणाम

**5 किलोमीटर साइकिल रेस में**
प्रथम : कोमल पिलाना
द्वितीय : सुषमा कलानौर
तृतीय : लक्ष्मी कलानौर

**400 मीटर दौड़**
प्रथम : तनु पिलाना
द्वितीय : सुदेश कटेसरा
तृतीय : प्रिया, सुंडाना

**300 मीटर दौड़**
प्रथम : प्रिया, संगाहेड़ा
द्वितीय : अनीता , माड़ौधी
तृतीय : मनीषा , पिलाना

**100 मीटर दौड़**
प्रथम : रजनीबाला कलानौर
द्वितीय : रिंकू , जिंदराण
तृतीय : मुकेश , गुढ़ान

**म्यूजिकल चेयर**
प्रथम : ललिता, सैम्पल
द्वितीय : भगवानी , बसाना
तृतीय : मंजू , बनियानी

**डिस्कस थ्रो**
प्रथम : सुदेश, जिंदराण
द्वितीय : सीमा , जिंदराण
तृतीय : पूनम, कटेसरा

### एमडीयू महिला टेनिस के फाइनल में



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला टेनिस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबलों में एमडीयू रोहतक ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दिल्ली विश्वविद्यालय को 2-0 से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। खिलाड़ियों के संयमित और आक्रामक खेल ने दर्शकों को खासा प्रभावित किया। कोच श्रवण के मार्गदर्शन में टीम शानदार प्रदर्शन कर रही है। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में पंजाब विश्वविद्यालय ने कड़े संघर्ष के बाद केएलआईएफ, एपी को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अब प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला कल एमडीयू रोहतक और पंजाब विश्वविद्यालय के बीच खेला जाएगा।

### कबड्डी चैंपियंस लीग की आधिकारिक ट्रॉफी आज पहुंचेगी रोहतक

रोहतक। प्रदेश की खेल प्रतिभा और कबड्डी के जुनून को नया मंच देने के लिए तैयार कबड्डी चैंपियंस लीग की आधिकारिक ट्रॉफी बुधवार को रोहतक पहुंच रही है। इस ट्रॉफी टूर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति उत्साह जगाना और आगामी चैंपियनशिप का प्रचार करना है। ट्रॉफी का भव्य स्वागत सुबह 10:00 बजे बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय से शुरू होगा। इसके बाद जाट भवन व समापन महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय कैंपस व नेकी राम कॉलेज में होगा।

### रोहतक की बिमला ने दूसरी बार जीती प्रोकॉम स्लैम चैंपियनशिप



रोहतक। रोहतक रनर्स ग्रुप (आरआरजी) की सुपर स्टार धावक बिमला बनवाला ने रविवार 18 जनवरी को मुंबई में आयोजित विश्व स्तरीय और एशिया की सबसे बड़ी मैराथन दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरी बार प्रोकॉम स्लैम चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बिमला की इस उपलब्धि से रोहतक सहित पूरे हरियाणा में खेल प्रेमियों में खुशी की लहर है। प्रोकॉम स्लैम चैंपियनशिप खिताब चार प्रमुख दौड़ों मुंबई मैराथन (42.2 किमी), वर्ल्ड 10 किलोमीटर बेंगलुरु, दिल्ली हाफ मैराथन और कोलकाता 25 किलोमीटर दौड़ को लगातार पूरा करने पर दिया जाता है। यदि इनमें से एक भी दौड़ छूट जाए, तो प्रतिभागी को पूरी प्रक्रिया दोबारा शुरू करनी होती है। बिमला बनवाला ने चारों दौड़ें सफलतापूर्वक पूरी कर यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल किया। मुंबई मैराथन में रोहतक रनर्स ग्रुप के अन्य धावकों चंद्रपाल बनवाला, अशोक कुमार फोर, नरेंद्र राम, जितेंद्र गहलावत, रमेश श्योरान, अभिषेक कुंडू, डॉ. नितेश कुमार, सौरभ कुमार, श्वेता शर्मा, हरदीप मलिक, अंकित तोमर सहित कई धावकों का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। इस अंतरराष्ट्रीय मैराथन में देश-विदेश से करीब 65 हजार धावकों ने भाग लिया, जिससे प्रतियोगिता का स्तर बेहद ऊंचा रहा।

### देहरादून ने द्वारका को पांच विकेट से हराया

रोहतक। बुधराम राजपूत स्मृति सोसाइटी की ओर से आयोजित चौथी मास्टर पूर्णमल स्मृति अंडर-19 क्रिकेट लीग में मंगलवार को बाल भवन स्कूल द्वारका की टीम को आयुष क्रिकेट एकादश देहरादून की टीम ने पांच विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए द्वारका की टीम 220 रन पर ऑलआउट हो गई। द्वारका की ओर से अर्जुन ने सबसे ज्यादा 77 रन बनाए। देहरादून की ओर से अभय ने तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए देहरादून की टीम ने 33.4 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाकर मैच जीता। देहरादून की ओर से आयुष ने 65 व गौरव ने 64 रन बनाए। द्वारका की ओर से यक्ष ने दो विकेट लिए।

### सहकारिता से ही किसानों का समग्र उत्थान संभव



रोहतक। ग्राम पंचायत मसूदपुर स्थित पं. भगवत दयाल सामुदायिक केंद्र में हरको फैड पंचकुला के तत्वाधान में जैविक खेती विकास सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सरपंच भगवत दयाल शर्मा ने की। कार्यक्रम में किसानों, सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियों व ग्रामीणों ने भाग लेकर कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। हरको फैड के जिला शिक्षा अनुदेशक एस.एन. कौशिक ने सहकारिता के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरको फैड किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्य अतिथि रोहतक केंद्रीय सहकारी बैंक के चेयरमैन हरीश कौशिक ने कहा कि आधुनिक कृषि में जैविक खेती समय की मांग है। उन्होंने किसानों को बैंक की ऋण योजनाओं, बीमा सुविधाओं व डिजिटल सेवाओं की जानकारी दी और समय पर ऋण अदायगी का आह्वान किया। मुख्य वक्ता कृषि वैज्ञानिकों ने रासायनिक खाद व दवाइयों के दुष्प्रभाव बताते हुए जैविक खाद के प्रयोग पर जोर दिया। बागवानी विभाग के अधिकारियों ने फलदार पौधों में जैविक खाद की उपयोगिता समझाई।

### मुरादपुर टेकना में संतोष कैंसर संस्था ने लगाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय संतोष कैंसर संस्था द्वारा गांव मुरादपुर टेकना में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। संस्था का उद्देश्य आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को ग्रामीण अंचल तक पहुंचाकर जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।



**जागरूक किया :** शिविर में गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श दिया तथा बीमारियों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया।

### चौधरी लखीराम आर्य दत्तक ग्रहण एजेंसी में लाई गई पांच दिन की नवजात बालिका




रोहतक। सोनीपत बाल कल्याण समिति के माध्यम से पांच दिन की एक नवजात बालिका को चौधरी लखीराम आर्य दत्तक ग्रहण एजेंसी में सुरक्षित रूप से लाया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति रोहतक के चेयरपर्सन सतीश कौशिक, बाल संरक्षण विभाग की अधिकारी पूनम (बाल संरक्षण अधिकारी) तथा दत्तक ग्रहण एजेंसी के संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे। बालिका के स्वास्थ्य की प्रारंभिक जांच करवाई गई और उसके समुचित पालन-पोषण, देखभाल व पोषण को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित किया कि बच्ची को सभी जरूरी स्वास्थ्य सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाएं। वर्तमान में दस्तक दत्तक ग्रहण एजेंसी में कुल आठ बालक एवं बालिकाएं रह रहे हैं, जिनकी देखभाल संस्था द्वारा की जा रही है।



### कुवि में अर्चना कोचर की हरियाणवी कृति का लोकार्पण

रोहतक। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय "राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर हिंदी" रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार अर्चना कोचर की हरियाणवी पुस्तक उर्मिला किमैं कहवे सै का विधिवत लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. अवधेश कुमार (महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा), विशिष्ट वक्ता प्रो. जंगबहादुर पाण्डेय (रांची विश्वविद्यालय) तथा मुख्य वक्ता प्रो. विनय कुमार (मगध विश्वविद्यालय, बोधगया) उपस्थित रहे। संगोष्ठी का शुभारंभ संयोजिका प्रो. पुष्पा रानी, अर्चना कोचर एवं सुभाष चंद्र कोचर द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। वक्ताओं ने हिंदी को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने में विश्व हिंदी सम्मेलनों की भूमिका पर प्रकाश डाला। विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शिक्षकों व शोधार्थियों ने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। समापन सत्र में प्रो. पुष्पा रानी ने कहा कि अर्चना कोचर की यह कृति रामायण की उपेक्षित पात्र उर्मिला को साहित्यिक न्याय दिलाने का सशक्त प्रयास है। कार्यक्रम में अनेक विश्वविद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### 150 परिवारों को किया सम्मानित

रोहतक। अग्रसेन नगर स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में मंगलवार को महाराजा अग्रसेन सेवा सदन ट्रस्ट की ओर से पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर हैदराबाद से अग्रोहा धाम दर्शन के लिए जा रहे 150 अग्रवाल परिवारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एक ईंट–एक रुपया चौक पर 52 फीट ऊंची हाईमास्ट लाइट का लोकार्पण भी पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि देश के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान में वैश्य-अग्रवाल समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि रोहतक में अग्रवाल समाज द्वारा निर्मित किया जा रहा अग्रसेन भवन समाज को समर्पित एक अनुकरणीय कार्य है, जिससे सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। उन्होंने एक ईंट–एक रुपया चौक के सौंदर्यीकरण की भी सराहना की। ट्रस्ट के चेयरमैन राजेश जैन ने कहा कि मनीष ग्रोवर ने रोहतक में समाजहित से जुड़े विभिन्न कार्यों में अहम योगदान दिया है। इस अवसर पर पार्षद अनीता गर्ग, सुरेश बंसल, राजेंद्र बंसल, नरेश गोयल, सुशील गुप्ता, सतीश झांसावा, प्रेम गर्ग, देशराज बंसल, शंकर लाल गर्ग, पुरुषोत्तम दास अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
• Neuro Surgery
• General Medicine
• General Surgery
• Orthopedics
• ब्रेन, रीढ़ की हड्डियों का ईलाज
• दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
• पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज
फौजी भाईयों का इलाज ECHS
• हरियाणा सरकार
• आयुष्मान भारत
• ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.Ch.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HDU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

**बड़ा सवाल** ऐसी पाबंदी का क्या फायदा जब अगले चुनाव से पहले ही हो जाती है बहाली

# चुनाव खर्च का विवरण नहीं देने पर तीन साल के लिए अयोग्य घोषित उम्मीदवारों को कमिश्नर ने किया बहाल

अमरजीत एस गिल. ▶▶| रोहतक

उम्मीदवारों द्वारा चुनाव खर्च की जानकारी न देने को लेकर हरियाणा पंचायती राज एक्ट पर बीते 30 साल से सवाल खड़े हो रहे हैं। वजह यह है कि जो चुने हुए सदस्य जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत को चुनाव खर्च का विवरण नहीं देते हैं, उन्हें डीसी अयोग्य घोषित करते हुए उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा देते हैं। लेकिन इन्हीं आदेशों को कमिश्नर रद्द कर देते हैं। जिला परिषद सदस्य सीमा, दीपिका और बीना को पिछले समय में डीसी ने अयोग्य घोषित करते हुए उनके इलेक्शन पर तीन साल का बैन लगा दिया। तीनों ने इसकी अपील डीसी के वरिष्ठ अधिकारी कमिश्नर लगाई। कमिश्नर को खर्चा रजिस्टर जमा करवाया और बहाली के आदेश करवा लिए। कायदे से चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के 30 दिन के अंदर उम्मीदवार को खर्च की जानकारी देनी होती है।

जिला परिषद के उम्मीदवार ही नहीं, बल्कि पंच, सरपंच और पंचायत समिति के उम्मीदवार भी डीसी कार्यालय को अपना चुनाव खर्चा रजिस्टर जमा नहीं करा रहे हैं। इसके लिए डीसी कार्यालय कम से कम पांच-सात बार संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालयों से पत्र व्यवहार कर चुका है। बावजूद इसके आज तक नवंबर 2022 में हुए पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव का खर्च उम्मीदवारों ने जमा नहीं करवाया है।

## 30 दिन की छोड़ें, पंचायती राज संस्थाओं का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार तीन साल में भी नहीं देते चुनाव खर्च की जानकारी

### 106 ने लड़ा था जिप चुनाव

जिला परिषद के 14 वार्ड के लिए 106 उम्मीदवारों ने आम चुनाव लड़ा था। बताया जा रहा है कि इनमें 55 उम्मीदवारों ने तो इलेक्शन खर्च की जानकारी डीसी कार्यालय को दे दी। लेकिन बाकी के 51 ने नहीं दी। इन 51 में दीपिका, सीमा और बीना भी शामिल थी। इन तीनों को उपायुक्त ने अयोग्य घोषित करार देते हुए चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया। ध्यान रहे कि राज्य में पहली बार वर्ष 1994 में नए पंचायती राज अधिनियम के तहत पहला आम चुनाव कराया गया था। नए एक्ट के मुताबिक ग्रामीण विकास तीन संस्थाएं करवाएगीं। गांव स्तर पर पंचायत, ब्लॉक लेवल पर संबंधित पंचायत समिति और जिला स्तर पर जिला परिषद कार्य करवाएगी।

### बताना होता है चुनाव खर्च

इलेक्शन आम हो या उप चुनाव प्रत्येक में चुनाव खर्च का विवरण लेने के लिए प्रशासन की तरफ से अलग से व्यवस्था की जाती हैं। नियमित रूप से चुनाव खर्च की जानकारी उम्मीदवारों को देनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि चुनाव प्रचार के दौरान प्रत्याशी इतने व्यस्त हो जाते है कि वे खर्चा रजिस्टर जमा नहीं करवा पाते। ऐसे में प्रत्याशियों को रजिस्टर जमा करवाने का समय दिया जाता है। अगर इस दौरान भी ये गफलत बरतते है तो फिर उनके खिलाफ पंचायती राज अधिनियम के तहत कार्रवाई डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अमल में लाते हैं। ताकि चुनाव प्रक्रिया की शुचिता बनी रहे। ध्यान रहे कि गत चुनाव में जिला परिषद का उम्मीदवार अधिकतम 6 लाख रुपए खर्च कर सकता था।

## खबर संक्षेप



डॉ. सुशील मेहता व लवप्रताप राणा

### डॉ. सुशील मेहता को प्रांत अध्यक्ष निर्वाचित किया

**रोहतक।** छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हरियाणा के सत्र 2025- 26 के लिए अंबाला के डॉ. सुशील मेहता को प्रांत अध्यक्ष व करनाल के लवप्रताप राणा को प्रांत मंत्री निर्वाचित किया गया है। यह घोषणा मंगलवार को अभाविप के प्रांत कार्यालय रोहतक द्वारा की जारी की गयी। प्रांत कार्यालय से चुनाव अधिकारी डॉ. आनंद कुमार ने बताया कि उपर्युक्त दोनों दायित्वों का कार्यकाल एक वर्ष का होगा। 23 जनवरी को अम्बाला में आयोजित होने वाले अभाविप हरियाणा के 57 वे प्रांत अधिवेशन में दोनों पदाधिकारी कार्यभार संभालेंगे।

### एमडीयू में ऑनलाइन एफडीपी का शुभारंभ

**रोहतक।** मदवि के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग में एआईसीटीई–एटल की ओर से प्रायोजित छह दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के मार्गदर्शन में तथा यूआईईटी निदेशक प्रो. अश्वनी ढींगरा के प्रोत्साहन से आयोजित किया जा रहा है।

### मिशन बुनियाद के प्रथम चरण में 610 विद्यार्थी उत्तीर्ण

**रोहतक।** विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से मिशन बुनियाद प्रथम चरण की परीक्षा का मंगलवार को परिणाम किया गया। प्रथम चरण में जिले के 610 विद्यार्थियों ने परीक्षा को पास की है। अब ये विद्यार्थी 30 जनवरी को आयोजित होने वाले दूसरे चरण में भाग लेंगे। प्रथम चरण 1625 विद्यार्थियों ने भाग लिया था और 570 अनुपस्थित रहे थे। तीन विद्यालय टॉप रहे है। 26 दिसंबर 2025 को प्रथम चरण की परीक्षा आयोजित की गई।

### 6 लोगों पर महम थाने में केस दर्ज


**महम।** बहलबा माइनर के मोगा नंबर 15000 एल पर कुछ लोगों ने पानी से बहता खाल गिरा दिया। इस संबंध में महम थाने में 6 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में भिवानी के सिंचाई विभाग के एसडीओ दीपांशु ने बताया कि विभाग द्वारा खेतों की सिंचाई के लिए बहलबा माइनर पर खाल बनाया गया है। इस बहते हुए खाल को बिजेंद्र, जोगेंद्र, ओमप्रकाश, नरेंद्र, संदीप व विजयपाल निवासी सीसर खास ने गिरा दिया।

शिक्षा विभाग ने जारी किया बजट, अब होगा कायाकल्प

# 12 स्कूलों के भवनों की मरम्मत व रंगाई पर 16 लाख 74 हजार रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शिक्षा विभाग ने जिले के सरकारी प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के भवनों की मरम्मत के लिए बजट जारी किया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत जिले के 12 स्कूलों को कुल 16 लाख 74 हजार रुपये जारी किए गए हैं। इससे स्कूल भवनों की मरम्मत और रंगाई का कार्य किया जाएगा। प्रदेश के 1019 स्कूलों में लगभग 20 करोड़ 10 लाख रुपये जारी किए हैं। निदेशक जनरल एलीमेंट्री एजुकेशन की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह राशि 2202-जनरल एजुकेशन मद के अंतर्गत जारी की गई है। इस योजना का लाभ रोहतक, कलानौर व लाखन माजरा के सरकारी स्कूलों को मिलेगा। इन स्कूलों में सफेदी (रंगाई) के लिए बजट का निर्धारण स्कूलों में कक्षाओं की संख्या और छात्र नामांकन के आधार पर किया गया है। जिन स्कूलों में अधिक कमरे और ज्यादा विद्यार्थी हैं, वहां अधिक राशि आवंटित की गई है। कक्ष और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर धनराशि आवंटित की गई है। तय समय सीमा में कार्य पूरा कराने के निर्देश जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को सभी कार्य तय समय सीमा में पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है ताकि सफेदी और मरम्मत कार्य लंबे समय तक टिकाऊं रहे। लंबे समय से इन स्कूलों में सफेदी नहीं हो पाने के कारण भवन जर्जर नजर आने लगे थे। अब बजट मिलने से स्कूलों का स्वरूप बदलेगा और बच्चों को स्वच्छ व व सुंदर वातावरण मिलेगा। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी रुचि बढ़ेगी। आने वाले दिनों में जिले के सभी चिह्नित स्कूलों में सफेदी का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।



### जल्द शुरू होगा कार्य

जिले के 12 स्कूलों के भवनों की दशा सुधारने के लिए राशि जारी की गई है। इस धनराशि से स्कूल भवनों की सफेदी और मरम्मत का कार्य कराया जाएगा। स्कूलों में कार्य जल्द ही शुरू करा दिया जाएगा।

-दिलजीत सिंह, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी

### इन स्कूलों में होगा कार्य

जीएमएसपीएस कलानौर खुर्द में 11 कक्षों में 1 लाख 98 हजार, टिटौली में 12 कक्षों के 2 लाख 16 हजार, सेक्टर दो, तीन व चार रोहतक में पांच कक्षों के 90 हजार, जिला जेल रोहतक में 9 कक्षों के 1 लाख 62 हजार, हिसार रोड रोहतक में 10 कक्षों के 1 लाख 80 हजार, राजेंद्र कॉलोनी रोहतक में सात कक्षों के 1 लाख 26 हजार, इंद्रा कॉलोनी रोहतक में सात कक्षों के 1 लाख 26 हजार, सुगर मिल कॉलोनी रोहतक में आठ कक्षों के 1 लाख 44 हजार, एलबीएस रोहतक के पांच कक्षों में 90 हजार, रैनक पुरा के तीन कक्षों में 54 हजार, सांघी में 12 कक्षों में 2 लाख 16 हजार सेक्टर दो, तीन व चार के चार कक्षों में 72 हजार रुपये जारी किए है।



**रोहतक।** परियोजना की निदेशक डॉ. संगीता रानी, सह-परियोजना निदेशक डॉ. मनोज कुमार व अन्य प्रोफेसर।

## एमडीयू की शोध परियोजना को 19 लाख रुपये का अनुदान

**रोहतक।** भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) रोहतक की एक महत्वपूर्ण शोध परियोजना को 19 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया है। परियोजना के लिए कुल राशि की 50 प्रतिशत प्रथम किस्त के रूप में 9.50 लाख रुपये जारी करने का सैंक्शन ऑर्डर भी जारी कर दिया गया है। यह शोध 24 माह की अवधि में पूर्ण किया जाएगा। परियोजना की निदेशक डॉ. संगीता रानी व सह-परियोजना निदेशक डॉ. मनोज कुमार हैं। आईसीएसएसआर के निर्देशानुसार शेष अनुदान प्रगति रिपोर्ट और निर्धारित शर्तों की पूर्ति के बाद जारी किया जाएगा। यह अध्ययन महिलाओं के लिए अधिक समावेशी और अनुकूल कार्य वातावरण विकसित करने तथा नीति निर्माण के लिए उपयोगी सुझाव देने में सहायक सिद्ध होगा।

## सीसीपीसी व इमसार के संयुक्त प्लेसमेंट ड्राइव में 12 छात्र चयनित



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर (सीसीपीसी) व इमसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा एक संयुक्त कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन किया गया, जिसमें 12 विद्यार्थियों का चयन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव के तहत फास्ट-फूड सर्विसेज क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनी बर्गर सिंह, गुरुग्राम ने सेल्स एग्जीक्यूटिव और बिजनेस डेवलपमेंट प्रोफाइल के लिए विश्वविद्यालय परिसर में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की। चयनित विद्यार्थियों को 4.8 लाख रुपये वार्षिक के आकर्षक वेतन पैकेज के साथ सेल्स एग्जीक्यूटिव पद की पेशकश की गई। विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभागों से कुल 118 विद्यार्थियों ने इस ड्राइव के लिए पंजीकरण कराया, जिनमें से 45 विद्यार्थियों ने कैंपस में आयोजित साक्षात्कार में भाग लिया।

ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को घेरा, धमकियों के आरोप, डीजीपी से की शिकायत

# खरावड़ में 100 साल पुराने मंदिर के निर्माण पर विवाद, तीखी नोकझोंक

- जिला पार्षद धीरज बोले, कब्जे का प्रयास
- अमित ने कहा-हमारे पूर्वजों की जमीन हमारे पास सभी दस्तावेज

मौके पर पहुंची पुलिस की ग्रामीणों के साथ हुई बहस, सरपंच प्रतिनिधि के आने के बाद वापस लौटी, गांव में तनाव बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव खरावड़ में 100 साल पुराने करीब 1600 गज के एरिया में शिव मंदिर से जुड़े निर्माण कार्य को रोकने पहुंची पुलिस टीम और स्थानीय ग्रामीणों के बीच मंगलवार को तीखी नोकझोंक हुई।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस कर्मी बिना वैध कागजात के पहुंचे और उन्हें धमकाया कि निर्माण कार्य बंद नहीं किया तो जेल भेज दिया जाएगा। मौके पर कई महिलाएं भी मौजूद थीं, जिन्होंने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस केवल जिला पार्षद के निर्देश पर वहां आई थी और उनके पास कोई न्यायिक या प्रशासनिक आदेश नहीं था।

### जिला पार्षद का पक्ष

जिला पार्षद धीरज मलिक ने कहा कि मंदिर की जमीन पर अमित कुमार अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस सूचना पर पुलिस गांव पहुंची थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह जमीन पंचायत की है और किसी को कब्जा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।



**रोहतक।** पुलिस अधिकारी से दस्तावेज दिखाते और चल रहा मंदिर का काम। फोटो : हरिभूमि

### मंदिर निर्माण और जमीन का विवाद

*ग्रामीण अमित कुमार ने बताया कि मंदिर उनके पूर्वजों की जमीन पर 100 साल पहले बनाया गया था। वे वर्तमान में मंदिर की चहारदीवारी का निर्माण करा रहे थे। निर्माण के दौरान खरावड़ चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर परमजीत अपने दो पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और काम रोक दिया। अमित कुमार ने आरोप लगाया कि पुलिस कर्मियों ने उन्हें धमकी दी और कहा कि यदि कार्य जारी रखा गया तो उन्हें जेल में बंद कर दिया जाएगा। महिलाओं के विरोध करने पर पुलिसकर्मी ने कहा कि लेडीज पुलिस बुलाकर सभी को अंदर कर देंगे।*

### जिला पार्षद की भूमिका और पुलिस की कार्रवाई

अमित कुमार का आरोप है कि पुलिस कर्मियों को जिला पार्षद धीरज मलिक ने फोन करके भेजा था। उन्होंने कहा कि पुलिस बिना किसी जांच के पहुंच गई और निर्माण को रोकने लगी। अमित ने स्पष्ट किया कि उनके पास जमीन के वैध दस्तावेज हैं और यह उनका परिवार का विरासत में मिली जमीन है। उनका कहना है कि मामला सिविल प्रकृति का है और पुलिस को इसमें हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं था।

### सरपंच प्रतिनिधि ने शांत कराया विवाद

हंगामे के दौरान सरपंच प्रतिनिधि दीपक मलिक मौके पर पहुंचे और सब इंस्पेक्टर परमजीत को समझाया कि यह जमीन ग्राम पंचायत की है और मंदिर निर्माण में किसी प्रकार की बाधा नहीं होनी चाहिए। सरपंच की समझाइश के बाद पुलिस कर्मियों ने थोड़ी देर के लिए पीछे हटकर स्थिति को शांत कराया। अमित कुमार ने कहा कि इस कार्रवाई से उनका और उनके परिवार का मानसिक संतुलन प्रभावित हुआ।

### पुलिस ने बिना वैध दस्तावेज धमकाया

ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने बिना वैध दस्तावेज धमकाया, जबकि प्रशासन का कहना है कि यह पंचायत की जमीन है और अवैध कब्जों को रोकना उनका दायित्व है। अमित कुमार ने कहा कि वे केवल अपने पूर्वजों की जमीन पर निर्माण कार्य कर रहे हैं और किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल नहीं हैं। उन्होंने प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की और भविष्य में किसी बाधा नहीं डाले जाने की अपील की।

### माहौल और प्रशासन की भूमिका

घटना के दौरान गांव में तनावपूर्ण माहौल बना रहा। पुलिस और ग्रामीणों के बीच लगातार बहस और नोकझोंक होती रही। ग्रामीणों ने पुलिस और जिला प्रशासन पर आपत्तिजनक कार्यवाही का आरोप लगाया, जबकि प्रशासन का कहना है कि अवैध कब्जों को रोकना उनका दायित्व है।

### डीजीपी को शिकायत व सुरक्षा मांगी

अमित कुमार ने डीजीपी अजय सिंघल के नाम एक पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने दावा किया कि जिला पार्षद और चौकी इंचार्ज उनके और उनके परिवार के जीवन के लिए खतरा हैं। अमित ने बताया कि उन्हें आशंका है कि पुलिस झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश कर सकती है। उन्होंने उचित कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार



**रोहतक।** पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एवीटी प्रभारी उप निरीक्षक रामबीर कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक अश्वनी के नेतृत्व में पुलिस टीम कलानौर बाईपास मोड़ के पास गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए जिंदराणा चौक, कलानौर बाईपास के समीप एक युवक को शक के आधार पर रोका गया। पूछताछ व तलाशी के दौरान युवक के पास से अवैध हथियार बरामद हुआ। गिरफ्तार युवक की पहचान अजय पुत्र कपूर निवासी जिंदराणा के रूप में हुई है।

## पंकज एनकाउंटर मामले में एसआईटी गठित



**झज्जर।** गांव डीघल निवासी पंकज अहलावत एनकाउंटर मामले में अहलावत 27 खाप सहित करीब 21 अन्य खाप प्रतिनिधियों ने दिल्ली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर पूरे मामले से अवगत करवाया। खाप प्रतिनिधियों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगाते हुए पंकज सहित उसके साथियों की तुरंत रिहाई की मांग की। सीएम ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन देते हुए एसआईटी बनाने की बात कही। बाद में सोनीपत पुलिस कमिश्नर ममता सिंह के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया, जिसमें डीसीपी लोगेश कुमार और एसीपी प्रदीप नैन सदस्य होंगे। हालांकि अभी तक पुलिस विभाग की ओर से इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं आई है।

### डीघल में हुई थी अहलावत 27 खाप की महापंचायत

बीते वीरवार को हुई पुलिस मुठभेड़ के बाद पकड़े गए गांव डीघल के युवक पंकज अहलावत के समर्थन में डीघल गांव में अहलावत 27 खाप की रविवार को महापंचायत हुई थी। महापंचायत की अध्यक्षता अहलावत खाप के प्रधान जय सिंह अहलावत ने की थी। महापंचायत में पंकज के पिता पूर्व बैंक चेयरमैन आनंद सिंह अहलावत और भाई भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप अहलावत ने अपनी बात रखते हुए पंकज और साथियों को निर्दोष बताया था। उन्होंने कहा था कि पुलिस अपनी गलती को छिपाने के लिए निर्दोष को फंसाने का काम कर रही है।

## एमडीयू की यूजी डिस्टेंस मोड परीक्षाएं 28 जनवरी से शुरू


रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू)ने जनवरी–फरवरी में आयोजित होने वाली स्नातक (यूजी) डिस्टेंस मोड, जिसमें ऑनलाइन डिस्टेंस लर्निंग कार्यक्रम भी शामिल हैं, की थ्योरी परीक्षाओं की तिथियां घोषित कर दी हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि बीए और बीकॉम पांचवें सेमेस्टर फ्रेश, री-अपीयर एवं इम्प्रूवमेंट, जुलाई नामांकित व केवल री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट जनवरी नामांकित विद्यार्थियों की परीक्षाएं 28 जनवरी से शुरू होंगी। बीए तृतीय वर्ष अतिरिक्त वार्षिक योजना की परीक्षाएं 29 जनवरी से आयोजित की जाएंगी। इसी प्रकार बीए/बीकॉम छठे सेमेस्टर केवल री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट, जनवरी नामांकित एवं री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट, जुलाई नामांकित की परीक्षाएं 13 फरवरी 2026 से प्रारंभ होंगी। बीए/बीकॉम प्रथम सेमेस्टर केवल री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट व बीए/बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर केवल री-अपीयर/इम्प्रूवमेंट, जनवरी नामांकित की परीक्षाएं 16 फरवरी से शुरू होंगी।

## रेलवे स्टेशन सांपला पर नशा मुक्ति टीम ने चलाया जागरूकता अभियान

**रोहतक।** नशा मुक्ति टीम द्वारा रेलवे स्टेशन सांपला पर आमजन को नशे के खिलाफ और यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूक किया गया। अभियान के दौरान यात्रियों, दुकानदारों और स्थानीय लोगों को नशे से होने वाले गंभीर नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। नशा मुक्ति टीम के उप निरीक्षक अमर कटारिया ने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि ड्रग्स और नशीले पदार्थ व्यक्ति की मानसिक व शारीरिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करते हैं। नशे के सेवन से शरीर अंदर से कमजोर हो जाता है और कई गंभीर बीमारियां जन्म ले लेती हैं। उन्होंने बताया कि नशीली दवाओं के ओवरडोज से जान तक जा सकती है, वहीं युवाओं में टेटनस, संक्रमण और नसों को नुकसान जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशीली दवाइयों, गांजा, हेरोइन, स्मैक, चरस जैसे नशों की चपेट में तेजी से आ रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# गांधी कैंप में किराये के कमरे में युवक ने फांदा लगाकर दी जान

मानसिक तनाव और बेरोजगारी से जूझ रहा था यूपी का रहने वाला युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर के मातूराम कम्युनिटी सेंटर के समीप गांधी कैंप क्षेत्र में एक युवक द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक किराए के कमरे में परिवार के साथ रह रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पीजीआई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की।

मृतक की पहचान 24 वर्षीय राजू पुत्र राम लखन के रूप में हुई है, जो मूल रूप से जिला उन्नाव (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला था। वर्तमान में वह रोहतक में मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहा था। परिजनों के अनुसार, राजू पिछले कुछ समय से काम धंधे को लेकर तनाव में था और शराब पीने की आदत भी थी। मानसिक परेशानी के चलते उसने यह कदम उठाया।



**रोहतक।** मौके पर जांच करते एफएसएल टीम डॉ. सरोज दहिया व पुलिस कर्मी।

### पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने पर होगी आगे की कार्रवाई

पीजीआई थाना एसएचओ रोशन लाल ने बताया कि युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### एफएसएल टीम ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

सूचना मिलने पर पीजीआई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम डॉ.सरोज दहिया को भी बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए डेड हाउस भिजवा दिया है।

दिल्ली, जींद और गोहाना रोड पर चली कार्रवाई

एक दिन में 30 लाख से अधिक टैक्स वसूला

# 8.10 लाख बकाया पर संपत्ति सील नगर निगम की वसूली मुहिम तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम ने संपत्तिकर बकायादारों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के निर्देश पर गठित टीमों ने दिल्ली रोड, जींद रोड और गोहाना रोड क्षेत्र में विशेष अभियान चलाकर बकायादारों पर कार्रवाई की। इस दौरान जींद रोड स्थित एक बड़ी संपत्ति को सील कर दिया गया, जिस पर 8 लाख 10 हजार रुपये का संपत्तिकर बकाया था।

आयुक्त ने बताया कि निगम द्वारा पहले ही सभी बकायादारों को चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके थे। नोटिस में स्पष्ट कहा गया था कि समय पर टैक्स जमा न करने की स्थिति में सीलिंग सहित अन्य कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके बावजूद कई संपत्तिधारकों ने बकाया जमा नहीं कराया, जिसके चलते निगम को सख्त कदम उठाने पड़े। अभियान के दौरान दो संपत्तिधारकों ने मौके पर ही अपने बकाया टैक्स के चेक टीम को सौंप दिए। वहीं एक अन्य संपत्तिधारक ने दस्तावेज प्रस्तुत कर बताया कि उनके बिल में कुछ तकनीकी खामियां हैं, जिन्हें दुरुस्त कराने के लिए उन्होंने पहले ही आवेदन किया हुआ है। इस पर निगम अधिकारियों ने संबंधित शाखा को जल्द सुधार करने के निर्देश दिए, ताकि सही बिल के आधार पर भुगतान हो सके। नगर निगम कार्यालय में दिनभर चली इस मुहिम के परिणामस्वरूप 27 लाख रुपये के चेक तथा 3 लाख रुपये से अधिक नकद राशि जमा हुई। अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में यह वसूली आंकड़ा और बढ़ेगा, क्योंकि बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर ली गई है।



**रोहतक।** सीलिंग करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### पहले बड़े बकायादार निशाने पर

आयुक्त डॉ. शर्मा ने स्पष्ट किया कि निगम की प्राथमिकता अधिक राशि वाले बकायादारों पर कार्रवाई करना है। उन्होंने टीमों को निर्देश दिए कि वसूली अभियान निरंतर जारी रखा जाए और जरूरत पड़ने पर सीलिंग की कार्रवाई में कोई ढिलाई न बरती जाए। उनका कहना था कि संपत्तिकर नगर निगम की आय का मुख्य स्रोत है और इसी से शहर में विकास कार्य, सफाई, स्ट्रीट लाइट, सड़क व अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

### नागरिकों से की सहयोग की अपील



नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने शहरवासियों से अपील की है कि वे समय पर अपना बकाया संपत्तिकर जमा कराएं, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि कर भुगतान से ही शहर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और विकसित बनाया जा सकता है। निगम प्रशासन का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि नियमानुसार राजस्व एकत्र कर नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना है। नगर निगम की इस सख्ती से बकायादारों में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में कई और प्रतिष्ठानों पर सीलिंग की गाज गिर सकती है। निगम अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि जो भी व्यक्ति समय पर टैक्स नहीं देगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई निश्चित है।